Lastly, Sir, I do not have to say farewell or I do not have to say good bye to my friends over here because I am sure we will remain in close touch and we will fight together either inside the Parliament or outside the Parliament and we will continue to fight sometimes together and sometimes with each other for the greater and better cause of the people and for our beloved country.

With these words, I once again thank you, Sir.

SHRI SHANKARRAO NARAYAN RAO' DESHMUKH (Maharash tra). Respected Chairman, hon. Colleagues and the Secretariat staff ot the Rajya Sabha, it is with the grea test pleasure and high sense of hon our that I would like to express my gratitude to these people, my collea gues and the staff working here, who have given me so much of coopera tion all along my tenure as a Member of Parliament here.

Sir, I can never forget how well the various issues of national importance were received by my colleagues here especially the ones that I made on the wasteful expenditure, treatment given to Indians in Singapore and the famous Resolution that I moved regarding the Urban Land Ceiling Act, 'which is creating havoc in the life of farmers throught the east and west and north and south. The whole House supported these points unanimously. I shall never forget the support that my "Resolution received in the cause of the unemployed youth. Secondly, Sir, I shall never forget the cooperation given by the Rajy"a Sabha Secre-

ससुराल जाते वक्त रोती हैं शहर की लड़कियां ससुराल जाती है तो चाहे रोयें या न रोयें, तो उस वक्त मेरे जैसा बूढा खड़ा हो जाये और लड़कियां रोयें तो वह भी रोने लगता है तो विदाई विदाई सुनते सुनते मेरा मन भी कुछ जरूर द्रवित सा हो गया है क्योंकि बहुत से लोगों को इस सदन में नहीं देखेंगे लेकिन गैलरी से तो हम आपको आकर देखा करेंगे। क्या इसमें पाबंदी है । गैलरी में जाकर इस सदन को देखा करेंगे । अतः मुझे बहुत ज्यादा नहीं है । लेकिन फिर भी आप लोगों का साथ रहा है। ये वीरेन्द्र वर्मा जी तो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से लेकर, असेम्बली, लोक सभा और राज्य सभा तक साथ रहे। पर यहां नहीं तो पब्लिक में मिलते रहेंगे। चाहे दलों में इधर उधर रहे हों पर विचारों में आत्मीयता रही है।

तो किसान मजदूर की जिस तरह लड़ाई वह लड़ते हैं, मैं भी उनका पीछा नहीं छोड़ता था। मैं अगवाई तो नहीं कह सकता कि मैं किसी से आगे लड़ाई लड़ता हूं। गरीब जो इस देश में पसीना बहाता है, वह आंसू न बहाए, यह मेरी भावना रही है और इस सदन के द्वारा मैं कहता रहा हूं।

सभापति, जी मैं एक शब्द कह कर के इस सदन से जाना चाहूंगा। हमारे देश को अगर कोई खतरा हुआ है तो धार्मिक, जातीय, भाषायी, क्षेत्रवाद, जातीयवाद की अनेक विषमताओं से देश की को नुकसान हुआ है। पर इन सब से ज्यादा खतरनाक राजनीतिक छुआछूत को मैं मानता हूं। राजनीतिक छुआ-छूत देश में नहीं होनी चाहिए।

हमारे विचार भेद हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं होना चाहिए, चाहे पक्ष में हो, चाहे विपक्ष में हों। हम देश के लिए संघर्ष करें, हरेक का अधिकार है, लेकिन मनभेद कटुता नहीं होनी चाहिए, जो आज राजनीति में चली आ रही है और कटुता का दुष्परिणाम यहां तक हो गया, चाहे बूथ कैप्चरिंग हो, चाहे मर्डर हो, यहां तक सत्ता में आने के लिए मर्डर, बूथ कंपचरिंग यह डेमोक्रेसी के लिए सब से खतरनाक चीज है।

मैं इतना और कहना चाहूगा कि पक्ष और विपक्ष डेमोक्रेसी की गाड़ी के दो पहिए हैं, दोनों ही जरूरी है। सरकार का कर्तव्य तो यह है, और मेरी भावना है कि यह होना चाहिए, कि विपक्ष का कोई सही सुझाव हो, तो उसको तुरन्त सरकार को मान लेना चाहिए । उस वक्त यह प्रतिष्ठा नहीं रखनी चाहिए कि यह सुझाव विपक्ष का है । लेकिन विपक्ष का भी यह कर्तव्य होना चाहिए कि सरकार के अच्छे कामों की विमुक्त का से प्रशंसा कर देनी चाहिए। तब डेमोक्रेसी जीवित रह सकती है।

मैं आपका फिर धन्यवाद करता हू और आशा करता हूं कि अपका आशीर्वाद और शुभ कामनायें मेरे ऊपर ही नहीं हमारे निवर्त्तमान सदस्य सब जा रहे हैं, उनके ऊपर बनी रहेंगी और आपका आशीर्वाद और कृपा बनी रहेगी।

कई लोगों ने कहा और मैं भी इस राय का हूं कि जिस तरह जीवन का आवागमन है, राजनीति भी आवागमन है इस सदन में या उस सदन में । हम तो अपने अपने को वयोवृद्ध मानते नहीं, कह कह कर आप चाहे बना दें । हम तो लोक सभा का चुनाव लड़ना चाहते थे, फिर लड़ने आयेंगे । डेमोक्रेसी जीवित रही तो इस सदन में या उस सदन में आना जाना हमारा सब का लगा रहेगा और सदन में बाहर भी एक दूसरे से मिलते रहेंगे ऐसे विछोह की घड़ी को बहुत ऐसा नहीं कहना चाहिए।

मैं देसाई जी को बराबर याद रखूंगा कि एक दिन इस सदन में उन्होंने मुझे रूल दिखा कर चेयर पर बिठा दिया था । मैं व्यक्तिगत रूप से सबके नाम लेने में असमर्थ हूं, पर मैं विभिन्न दलों के नेताओं का आपका—और नजमा जी से तो मैं जरूर बार बार क्षमा चाहूंगा । उन्होंने आज सुबह ही मुझे याद दिलाया कि आप मुझे अखरोगे, सामने बैठते थे और मुझसे लड़ते थे।

मैंने कहा कि लड़ने के लिये मैं कमरे में आ जाया करूंगा, लड़ने में

[श्री राम चन्द्र विकल]

खुश हैं तो । खैर मैं आप सब से क्षमा चाहता हूं और आज नेता सदन यहां मौजूद हैं और पूर्व नेता सदन में भी यहां मौजूद हैं, आज तो यह हमारे प्रधान मंत्री हैं और मैं राजीव गांधी जी जो हमारे प्रधानमंत्री रहे, उनका, इंदिरा जी का बहुत आभार मानता हूं कि उनकी बदौलत मैं इस सदन में आ सका और फिर मैं आप सब का धन्यवाद करता हूं और आशा करता हूं कि डेमोक्रेसी की मान्यता को जीवित रखेंगे। मैं तो यहां से जाकर, इस पार्लियामेंट में नहीं रहूंगा, तो यूथ संसद में देश भर में काम करूंगा बच्चों को पार्लियामेंट का काम सारे देश भर में कर रहा हूं। मैं उसमें लग जाऊंगा योग में लग जाऊंगा । मेरे पास तो बहुत काम हैं, लेकिन डेमोक्रेसी जीवित रहे यहां, हमारी, आप सब की यही भावना रहनी चाहिए । मैं फिर आपका धन्यवाद करता हूं ।

MR. CHAIRMAN. I think the whole House is agrees to sit, to skip lunch. " hour without any objection from any side. I am specifically mentioning this because there may not be any objection afterwards. It happens to be Friday ol Ramzan. Ramzan is for the good of the people and sitting for the business is also for the good of the people. So, we are sitting for the good of the people.

श्रीमती शांति पहाड़िया (राजस्थान) : श्रीमन्, मैं आपके द्वारा जो आपने मुझे जितना सहयोग दिया, उसकी बड़ी आभारी हूं और मेरी पार्टी के श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी जी, इनका भी मैं कभी एहसान जीवन में भूल नहीं सकती । मेरे पतिदेव इसी सदन में यहां पर राज्य सभा के मेम्बर थे । तो एक बार मैं यहां कार्यवाही देखने के लिए आई और मेरी एक भावना इस तरह की हुई कि कभी इस मंदिर में भगवान मुझको भी बिठायगा । मालिक के आशीर्वाद से, आप लोगों के सबके सहयोग से और मेरी पार्टी के सहयोग से मैं इस सदन में आई । आप लोगों का इतना प्यार मिला, मेरे बुजुर्गों का इतना प्यार मिला जिसे मैं जिन्दगी में भुला नहीं सकती । मैंने यहां नयी नयी बातें सुनी और देखीं । मैं पहले एसेम्बली में थी । मैं एसेम्बली से रिजाइन देकर आई थी। मैंने यहां पर जो लड़ाई देखी, वह मैंने अपने राजस्थान में कभी नहीं देखी । लेकिन बाहर जाकर सब एक हो जाते थे, तो मुझे बड़ी खुशी होती थी कि यह लड़ाई तो हमारे अंदर अंदर की है और देश के लिए सब एक हैं। यहां सदन की जो भी कार्यवाही चलती है वह मैंने देखी और उसे मैं भुला नहीं सकती । मुझे मेरी पार्टी का, विपक्ष का, सत्ताधारी पार्टी का, सब लोगों का प्रेम मिला । अफसरों का प्रेम मिला, मेरे अखबारवाले भाइयों का भी प्रेम मिला और जितने भी कर्मचारी हैं, उनका सब का सहयोग मिला ।

मैं सबकी आभारी हूं । धन्यवाद ।

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): Mr. Chairman, Sir, today is not a day of retirement from Rajya Sabha for me. It is a day of reflection and introspection for me. Sir, six years ago, I came to the Rajya Saiha. Before that, for 25 years I was a tea-iher. I was talking to the veteran. Telugu journalist, Shri Naria. He said, "You have been a good teacher. It also means you had been a good student. And being a. good student, you have great opportunities when you enter Rajya Sabha". Sir, it was so true. When I came to this House, the first thing I learnt was this. Sir, as you are aware, you have yourself been a teacher, I used to teach the class for 15-50 minues. I stood up and talked for *48*—60 minutes. When I came here, our party's strengh was five. Therefore, I had to speak from five minutes to a higher limit which depended upon me. Therefore, the first thing I had to learn was how to say what I had to say in the limited time that was available to me. This was a great' lesson. I think it is a F. reat lesson for anybody to be able to speak in the limited ti. time that is available.

The second lesson was, I used to talk all the time when I was in the

class. I had to learn, for the first time, that I have to listen all the time sitting in the House. As you are aware, I used to spend considerable time in the House, so I had *to* sit lor hours and hours listening to others and in the process learn from what they had been saying. This was my second lesson.

The third lesson was, I used to know only how to order. That was the privilege of a teacher. The teacher can order anybody in the class and get away with it. when. i came here, niy very first experience wes to be ordered. It was Question Hour. I raised *my* hand. But I did not get an opportunity. I felt very bad. Then I went inside to your predecessor, Mr. Hidayatullah, and he said: "Look, your raising the hand does not mean anything. You will speak only when I say you speak". This was the third lesson I learnt—to be ordered.

These things make an individual grow. Rajya Sabha has given me an opportunity to grow. I think, during the last six years, T llave grown much more in terms of learning than I had done previous to that.

Sir, certain things come to my m'nd. I had the privilege of knowing many changes in the "louse. We bad three Chairmen. We had Mr. Hidayatul-lah's wit, Mr. Vcnkataraman'g tsct and your affection in abundance to the Members. With affection, you have been controlling. Each had a way of controlling the House and each distinguished himself. I think we have to learn from this.

Sir, we had four Deputy Chairmen-two of them very charming women and two of them charming gentlemen. But I can never forget the kindness with which Dr. Najma Heptulla treated me as a member of the House,

She has always been Kind and generous to me, and I would like to acknowledge it on the floor of the House.

Similarly, Sir, —and it is very strange— we had only two Leaders of the Opposition. There have beer) many leaders of groups, but we had only two Leaders of the Opposition and it so happened that both of them had just interchanged their places. Or. e who was the Leader of the Opposition is now the Leader of the House and one who was the Leader of the House is now the Leader of the Opposition. So we had two Leaders who tried to lessen the tensions which have been prevailing in the Hoase. But, Sir, I think we had the largest number of Leaders of the House. The first one, when I came, was Shri Pranab Mukherjee. Then we had Shri Vishwanath" Pratap Singh; then we had Shri Narain dutt Tewari. Now it is Shri Gurupadaswamy. Sir, each one of them had contributed to the greatness of this House.

Sir, there was also another change. Initially I was sitting on the other side. Even though my voice does not sometimes rise, I was forced to make myself feel that I should raise my voice but failed. When I raised *my voice* on ksues, I think, then I did not fail, perhaps. But when I tried to raise my voice to go above the din—about which there has been a reference—I think, very often I failed to raise my voice above the din. Then, Sir, as things happened, I came to this side. It is a great change. The way in which one has to adjust, one has to believe it and, if one has to believe it, one has to experience it. So, sir, that is another great change. It has only reminded me that we are living in continuously changing times. Change is the order of society, change is the order of time: I think this greatTtruth has been brought to us more eloquently by our being in this House more than anything else.

Also. Sir. during this period the party to which I belong underwent a sea-change. We were in power and we were thrown out of power—by whatever the mechanism was. We came back to power and now, again we are out of power. That means it is only a cycle, perhaps. A time may come again, perhaps, when my party

[Ptrof. C. Lakshmanna]

will be in power. So, what does it teach us? It teaches us that we have to articulate and adjust ourselves to the tides of time. I think that is another great lesson I have learnt in this House.

Sir. 1 will be failing in my duty if I do not thank the staff here. Either in the Notice Office or in the House or in the Table Office or anywhere else, they have been extremely kind. Especially, when I had the privilege of working on the Committees, the kind of help I received, I think, I cannot easily forget. I think, when I step into some other avocation, perhaps I will not have the same kind of support I have had here because I did not have such support in my earlier career as a teacher in a University. Therefore, I would like to place on record my appreciation and thanks for all that has been done by the staff belonging to the Rajya Sabha Secretariat

Sir, another thing -which makes me feel very happy and to which there has been a reference earlier—is the comradeship which the entire House maintained. Sir, I still remember one incident. I had an occasion to speak on a subject and was quite critical of the then Government. After my speech when I went into the lobby, one Member from the then Treasury Benches—I do not want to mention the name—came to me and said, congratulations! I was taken aback. He immediately said: Look, I congratulate you on the way you presented your views; not necessarily that I agree with what you have said. Sir, that is' the strength of this House—the comradeship in which all the Members of this House function.

Therefore, Sir. when I sit and reflect—which I have to do very often and which I have been doing—many sweet memories of this august House flash before my inner eye during the bliss of solitude.

Thank you, Sir.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : अध्यक्ष महोदय, मुझे 10 वर्षों तक इस गरिमामय और प्रभुता संपन्न सदन में बैठने का अवसर मिला है और बड़े-बड़े मनीषियों, विद्वानों और जानी मानी हस्तियों के साथ मैं इस सदन में बैठा हूं। जब में यहां आया था तब श्री भूपेश गुप्त जी मैं, श्री पीलू मोदी थे, कामरेड राममूर्ति थे, मैलकम आदिशेशैय्या जैसे अर्थशास्त्री थे। इन लोगों के साथ इस सदन में बैठने का गौरव मैंने प्राप्त किया है और इस सदन में रहकर मैंने बहुत कुछ सीखा है। संसदीय प्रक्रिया के बारे में सीखा है और यह भी सीखा है कि विभिन्न विचारधाराओं के लोग कैसे एक साथ बैठकर, मिलकर, पारस्परिक सौहार्द के साथ कोई कार्य करते हैं। इस सदन में तो उतना इसका पता नहीं चलता, जितना समितियों में चलता है। जो हमारे हाऊस की समितियां है, चाहे वह ज्वाट पार्लिया-मेंटरी कमेटी हो, समितियों में रहकर यह पता चलता है कि कैसे विभिन्न प्रांतों के, विभिन्न विचारधाराओं के लोग एकमत होकर कार्य करते हैं। मुझे दो ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटीज का अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त हुआ है और राज्य सभा की याचिका समिति का भी अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त हुआ है और इसलिये मैंने बड़े करीब से अध्ययन किया है इन सबका और मुझे प्रसन्नता हुई कि जब हर बार मैंने यूनेनिमस रिपोर्ट सबमिट की हैं। तीनों कमेटियों की रिपोर्ट जो मैंने सबमिट की, वह यूनेनिमस थीं, सर्वसम्मत थीं, कहीं कोई मतभेद नहीं था।

दो बार इस सदन का सदस्य रहने के फलस्वरूप मुझे 22 देशों की यात्रा करने का अवसर मिला, जिनमें से कई देशों की यात्रा कई बार करने का अवसर मिला। मुझे इण्टर पार्लियामेंटरी यूनियन में भाग लेने का अवसर मिला। मुझे दो बार कामन वैल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन की कांफेंस में भाग लेने का अवसर मिला और मुझे दो बार ह्यूमन राइटस कमीशन में भारत का प्रति-निधित्व करने का अवसर मिला हैं। इन सबसे मैंने बहुत सीखा हैं। लगभग सारे विश्व को देखा है और उसका एकमात्र कारण यही हैं कि मैं

इस सदन का सदस्य था । अपने खर्चे से तो शायद बम्बई या मद्रास भी जाना मेरे लिये मुश्किल हो । यह जो शिक्षा मैंने ग्रहण की है, इसके लिये मैं आपका, सदन का और अपने सब साथियों और अपने नेता श्री राजीव गांधी और इंदिरा जी का, जो मुझे लाईं इस सदन में, मैं उनके प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, मैं जब इस सदन का सदस्य बना था, वर्तमान प्रधान मंत्री मेरे मुख्य मंत्री हुआ करते थे । वे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बने और उनके मुख्य मंत्री बनने के एक महीने के अन्दर मैं इस सदन का सदस्य बन गया । मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं । मुझे उस तरफ बैठने का और इस तरफ बैठने का भी अब मौका मिला है । आया था उस तरफ, जा रहा हूं इस तरफ । तो मैंने इस सदन को अनेक रूपों में देखा है और मुझे खुशी है कि मैंने यहां रहकर बहुत कुछ सीखा है । मुझे याद है, जब मैं इस सदन में आया था तो एक नामिनेटिड मेम्बर हुआ करती थीं—श्रीमती नर्गिस दत्त, जिनका किसी जमाने में मैं बहुत फैन था । नर्गिस दत्त जी से मेरी पब्लिकेशन काउन्टर पर मुलाकात हुई, नमस्कार हुआ । मैंने कहा कि मैं आपका बहुत पुराना फैन हूं । नर्गिस जी बोलीं, आपने मेरी पहली पिक्चर कौन सी देखी थी ? मैंने कहा "तकदीर" । बोलीं, ओह 1943 । तो मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई यहां आकर और अपने तमाम साथियों को देखकर ।

मैंने भूपेश गुप्त जी से बहुत कुछ सीखा । भूपेश गुप्त जी जब बोलने लगते थे, तो अपने कान का आला निकालकर रख दिया करते थे, उसके बाद अध्यक्ष महोदय टोका करें या कुछ बोला करें, वह खामोश नहीं होते थे वह सुनते ही नहीं थे और इसलिये बोलते चले जाते थे । बाद में जब हम लोगों से बात होती थी लाबी में, मैंने देखा है उन्हें, मैं पान खाता था, वह आकर पान खाने लगते थे, हमारे साथ जैसे हम लोग मसाला खाते हैं । पीलू मोदी जी से काफी नोंक-झोंक हुआ करती थी ।

मुझे दुख तो हो रहा है रिटायर होते हुये लेकिन संतोष भी हो रहा है और पहली बार जब मैंने यात्रा की, विदेश यात्रा तो यह मेरे लिये हर्ष का विषय है कि जो आज हमारे नेता विरोधी दल हैं । वह हमारे साथ उस यात्रा में थे । मेरी प्रथम यात्रा थी, हम तीन सदस्य थे, जिनमें मधु दंडवते भी थे और यहां हमारे जो महासचिव हैं, वह उस समय महासचिव नहीं हुआ करते थे, अध्यक्ष महासचिव होते थे, वह भी उस यात्रा में हमारे साथ थे और उसी यात्रा में महासचिव बना दिये गये थे । तो वह प्रथम यात्रा थी और मैंने जितनी यात्राएं कीं लोक सभा, राज्य सभा के साथियों के साथ, उनमें मैंने देखा है कि हम यहां चाहे अलग-अलग पार्टियों के सदस्यों के रूप में रहे हों लेकिन जब एक साथ कहीं जाते हैं तो चाहे हमारे देश में हो या विदेश में हो, सब एक साथ मिलकर काम करते हैं और यही बहुत बड़ी शिक्षा मैंने पाई है ।

मैं नजमा जी का बहुत आभारी हूं । मुझे उनका बहुत, प्यार तो नहीं कहना चाहिये लेकिन मुझे उनका बहुत कंसीडरेशन, बहुत सहयोग मिला है । मैं साल्वे जी का भी बहुत आभारी हूं जो हमारे वरिष्ठ साथी हैं और मैं सबसे ज्यादा सीताराम केसरी जी का आभारी हूं जो अब यहां नहीं हैं । उन्होंने ही मुझे सबसे पहले बोलने का मौका दिया था, जब मैं इस सदन में आया था क्योंकि वह उस समय पार्लियामेंटरी अफेयर्स के मंत्री थे । तो सबसे पहले बोलने का मौका मुझे सीताराम केसरी जी ने दिया और ऐसा दिया कि मैं उसके बाद बोलता ही रहा । मेरे ख्याल से 10–5 मेम्बर जो सबसे ज्यादा बोले होंगे, उनमें मैं रहा हूं ।

मैं सेक्रेटरी-जनरल को और उनके स्टाफ को उनके उत्कृष्ट व्यवहार के लिये और उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देता हूं । गत दस वर्षों में जाने-अनजाने में मेरी किसी बात से अगर किसी को कष्ट पहुंचा हो तो मैं उसके लिये क्षमा मांगता हूं और अंत में अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे मेरे संसदीय जीवन में राज्य सभा के अंतिम दिन अपनी भावनायें व्यक्त करने का अवसर दिया है । धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN: *T* appreciate the desire, of everybody to speak, but as, I told you there is a limit of time. We have got a lot of business here and we have to pass that business also. There is a Statement to- be made on Nepal also. All these are very important. All your sentiments are also very important. That is why *I* would only make a request. I don't want to curtail, but my constraints are before you. I don't want to stop anybody, bat if you could make your speeches shont and telling, it would be better. We all share the same sentiments. I cannot request you. I cannot use any method that I use otherwise.

SHRI VISHWA BANDHU GUPTA (Delhi); Mr. Chairman, Sir, I have the honour to be probably making the shortest speech in this House. However, I think I would be retiring after about 30 or 35 yeats in Parliament, if you kindly include the time'. T spent in the Press gallery bmh in the hon. Rajya Sabha as well as in the other House.

I. think the people outside probably believe that Members of Parliament belong to a "special breed of men who ate born with an extra line in their hand by which they are able to serve the country in this august House. I feel very greatly honoured, especially because not only successive Prime Ministers, but the friends from both the sides pf the House have treated me with great affection and have even gone to the extent of changing my name from Vishwa Bandhu Gupta to Vishwa Bandhu Balloonwala. You yourself have been very kind and considerate to me for my extra-curricular activities, because as Chairman you are supposed to treat us as children. I do hope that all the affection that I have received from both the sides of the Hojise and specially from ray friends who have taken balloon flights with me and also from the press gallery that T would turn up (igain in this House as a bad penny.

श्रीमती सुधा विजय जोशी (महाराष्ट्र) : आदरणीय सभापति जी, विदाई हमेशा दुखभरी होती है । जब किसी अच्छी चीज से या अच्छी जगह से विदाई लेनी हो तो उससे मन में दुख जरूर होता है और उस विदाई के बारे में जब हम बाद में सोचते रहते हैं तो यह सोचते रहेंगे कि अब इस जगह से जा रहे हैं तो मैंने क्या पाया है, तो मुझे बड़े संतोष के साथ कहना पड़ रहा है कि इस जगह से हमने बहुत कुछ भरभर कर पाया है । हमारा जो अनुभव है उसमें हमने समृद्धता पाई है और इस समृद्धता से हमारा आगे का जीवन भी समृद्ध हुआ है और हो सकता है ।

महोदय, हमारी प्यारी नेता स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी और माननीय श्री राजीव जी ने मुझे 6 साल पहले इस सदन में आने का मौका दिया और उसके बाद भी इस सदन के जरिये बहुत सारे काम करने का मौका मुझे मिला है । बहुत जो बिल या विषय थे उनमें बोलने का मौका मिला और काम करने का भी मौका मिला । जसे एक पार्लियामेंटरी कमेटी थी जो एल॰पी॰जी॰ कज्यूमर्स की किस प्रकार हम सहायता कर सकते हैं, इस बारे में थी । वह कमेटी दो साल चली और उसकी मैं चेयर परसन रही और पूरे हिन्दुस्तान में घूमकर उस कमेटी के लिये हमने काम किया, बहुत सारे सुझाव भी दिये जो सरकार ने पूरी तरह मान्य किये और जो रिपोर्ट थी उसे मानकर एल॰ पी॰जी॰ यूजर्स को बहुत कुछ सुविधायें मिली ।

महोदय, किसी भी राजकीय जीवन का अंत नहीं होता है, राजकीय जीवन चलता रहता है । इस सदन के अन्दर और बाहर भी राजकीय जीवन में हम बहुत अच्छे तरीके से काम करना चाहेंगे और देश की सेवा करना चाहेंगे । इस सदन से, हमारी पार्टी की तरफ से हमें बहुत प्यार मिला है, बहुत स्नेह मिला है । इस स्नेह के लिये मैं हमेशा आभारी रहूंगी सबकी । इसके साथ साथ आपने जो हमें मार्गदर्शन दिया उसके लिये हम आपके आभारी रहेंगे । यहां पर जो सेक्रेटेरिऐट का स्टाफ है उन्होंने जो सहकार किया उसके लिये भी हम आभारी

रहेंगे । आप सब के आशीर्वाद से इस देश की और इस देश की जनता की सेवा करेंगे, सेवा, करने का मौका पाएंगे और सेवा करते रहेंगे । धन्यवाद ।

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Mr. Chairman, Sir, I get up with a mixed feeling of. both sadness and' happiness, sad because I will be leaving many of the friends, guides and well-wishers who have overwhelmed- me, and my other retiring colleagues with their affectionate references and happy be-cause I had the privilege. to enter this temple of Indian democracy six years ago and I had the unique distinction at that time of being the youngest ever Member to join Rajya Sabha. In these six years, I have seen the turbulence of. Indian politics. There have been developments both sad and happy ones. We have seen the assassination of our former Prime Minister who became a martyr for the cause of the nation. We are concerned with the rise of fundamentalism and communal violence. I feel, Sir, that I had the good fortune of learn-ing- a lot. It is not only a fQrum of discussion and debate but also a forum where one learns. I learn from leaders of my parly, from Shri N. K. P. Salve, from, Shri P. Shiv Shanker and I also learnt the skill of Parliamentary debates and intervention from many worthy leaders of the Opposition. Shri L. K. Advani, Shri Dinesh Ghosh, my friend, Shri V. Gopalsamy and other friends. It is difficult to take all names. I will only say that when these references are made to the contribution which Members make, i feel that we who were fortunate to enter this House, have to remember that public representatives are not judged only in the present time but they are judged by history, they are judged by posterity for the work which they do. for the contribution which they make. I leave at a time when the nation is beset with problems, the nation is confronted with serious challenges and it is a twin feeling of concern and hope—concern over the attempts to weaken the Indian nation State and hope that we have the resilience, we have the will and all the Members of this House, irrespective ot the ideological differences of the political affiliations—will never be bogged down by those differences of partisan considerations but will have the strength, the wisdom, tbet maturity, to rise above those divisions and to keep beyond the pale of political controversies national problems and national issues. This is my concern and hope and I will only add to this my sincere thanks to you, Sir, for your guidance, for your indulgence. We were fortunate to have your blessings. I do not know, if myself or many other amongst us might have on occasions unintentionally offended some Members for, whom I consider it my duty to apologise with an assurance that these were well-meant. Also I have to place on- record the help which we have received from the Snave Secretary-General the staff members and attendants I will de failing in my duty again if do not refer to those members of the staff who are not present ii the H. ouse and-also perhaps turn around and thank the members of the press gallery for reporting, misreporting. highlighting, praising and criticising but they have been doing a commendable work. I leave to you,. Sir, the judgment because during the course of my stay, I could not figure out a few things. One Was, how fo got the questions listed in the pink paper so that one is in a position to raise as many. y supplementaries as possible-and also as to who had the loudest voice in the House whether it was Shrimati Renuka Chowdhury or Mr. Vishvjit P. Singh, who is always alert even while sleeping... or Shri Ahluwalia" I also could not figure out who was the most charming lady. in the House, whethei it was the beautiful Deputy Chairman, the present Deputy Chairman or the previous Deputy Chairman, or the others who lent colour to this House by their melodious voices. Sir, t teg your leave, the leave of my other col-

[Shri Anand Sharma]

leagues with the hope that we all will continue to work, for the betterment of Indian people, for not only preserving but strengthening the institution of Indian democracy, the institution of Parliament and ensure that we keep intact its glory, the faith and the hopes of the people in our democracy.

2. 00 p. M.

Sir, I thank you, the leaders of all parties and the leader of my party for this honour, the honour of being a Member of this august House. Thank you, Sir.

श्री कैलाशपति मिश्र (बिहार) : सभापति जी, छः वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। परन्तु सदन से जाते समय मन में किसी प्रकार की ग्लानी या कष्ट नहीं है। माननीय सदस्य श्री विकल जी ने अभी अपने दिल के उद्‌गार प्रकट किए हैं। संसद में आते समय यह भावना मन में होती है कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र यह संसद का मंदिर है और इस मंदिर में आकर लोकतंत्र की पूजा करने का अभ्यास करना है। हमारा देश बहुत बड़ा है और समाज भी बहुत बड़ा है। यहां आने पर सबसे पहले भेंट सदन के सचिवालयीय परिवार और सारे कर्मचारियों से जो अलग अलग स्तर के होते हैं, उन से शिष्टता का व्यवहार मिला विनम्रता का व्यवहार मिला और संसदीय कार्य प्रणाली का पाठ वही से प्रारम्भ हुआ। मैं उसके वर्णन में नहीं जाना चाहता हूं। सच मुच में संसद की मर्यादया संसार के सामने आज जीवित है और वह अपनी प्रतिष्ठा लेकर खड़ी है। मन में केवल एक कष्ट है उसको मैं इंगित करना चाहता हूं।

कल राज्य सभा का चुनाव हुआ। मैं पटना में था। पांच ऐसे माननीय विधायक राइफल के घेरे में सदन में आते हैं और सदन से चले जाते हैं और सीधे जेल में जाते हैं। वे मतदान नहीं कर पाते हैं। अभी विधान सभाओं के चुनाव हुए। मतदान में डेढ़ सौ लगों की हत्या हुई। यह बड़ी चिन्ता की बात है। हमारा लोकतंत्र इससे भारी संकट में फंसता जा रहा है। किसी पर कोई आक्षेप न करते हुए मुझे ऐसा लगता है कि अगर लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है, जोड़े रखना है और जीवित रखना है तो चुनाव नियमों में शीघ्रातिशीघ्र सुधार की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री जो यहां बैठे हुए हैं। यह पक्ष और विपक्ष की बात नहीं है। यह देश की अस्मिता का प्रश्न है, लोकतंत्र की सुरक्षा और लोकतंत्र में प्राण फूंकने का प्रश्न है। इस दिशा में हम जितने शीघ्र कोई कदम उठा सकें उतना ही अच्छा है। सरकारी तंत्र का दुरूपयोग न हो, मनी पावर काम न कर सके, मसल पावर काम नहीं कर सके, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। मुझे भय है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो राजनीतिक दलों को इस बात पर विचार करना पड़ेगा कि राजनीति में सक्रिय प्रत्याशियों का चयन करने के बजाय राइफलधारी और आक्रमणकारी प्रत्याशियों का चयन चुनाव जीतने के लिए किया जायगा इस प्रकार तो लोकतंत्र संकट में फंसता जाएगा। इस प्रस्थान के साथ मैं पूरे सदन के साथ आग्रह करता हूं और प्रधान मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि शीघ्र से शीघ्र चुनाव प्रक्रिया में सुधार करने के लिये कदम उठायें जहां तक मेरे जीवन का संबंध है, मैं राजनीति में आज ये नहीं, बहुत ज्यादा समय से हूं।

धारणा यह है कि समाज के अंदर राजनैतिक स्वरूप जैसा उभर कर सामने आयेगा उसका प्रतिबिंब संसद के अंदर दिखाई देगा। परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह हमारी प्रेरणा, हमारी क्षमता और हमारे संकल्प को दृढ़ बनाकर राजनैतिक और सामाजिक जीवन में काम करने का अवसर दें। आपसे जो अभिभावक का स्नेह मिला, सदन के सभी माननीय सदस्यों का जो स्नेह मिला है, मुझे प्रसन्नता है कि बाहर और भीतर भेद होने के बावजूद मुझे सबसे स्नेह मिला है। इन शब्दों के साथ मैं पूरे सदन का अभिवादन करते हुए यह प्रार्थना करूंगा कि लोकतंत्र को हम शक्तिशाली और सक्षम बना सकें, परमात्मा हमें ऐसी शक्ति, ऐसी वृद्धि और ऐसा विवेक दे और भारत के लोकतंत्र का सूर्य डूबने न दें। धन्यवाद।

ठाकुर जगतपाल सिंह (मध्य प्रदेश): आदरणीय सभापति जी, मैं सबसे पहले

आपको और अपने सदन के जितने भी कर्मचारी और अधिकारी हैं उनका आभार मानता हूं। मैं जब सदन में आया था तो न मुझे खुशी हुई थी, न गम हुआ था, केवल ज्यादा जिम्मेदारी का आभास हुआ था। आज जब मैं जा रहा हूं तो मुझे दुख नहीं है। मुझे खुशी है कि एक पड़ी जिम्मेदारी मेरे कंधों के ऊपर है, जो जाकर मैं देश की जनता के बीच में निभाऊंगा। मैं सब लोगों के विदाई भाषणों को सुन रहा था। हमारी विदाई हो रही है केवल इस सदन में लेकिन हम और आप मिलते रहेंगे बराबर मैदान में। मैं केवल एक बात कहकर समाप्त कर दूंगा। सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं। मुझे जब विदेश जाने का मौका मिला तो वह आपके नेतृत्व में मिला। आपके नेतृत्व में मैं मास्को गया और ऐसे नेताओं के साथ जाने का मौका मिला जिनमें प्रो० रंगा और अरूणा आसफअली जैसे लोग थे। आप हमारे नेता थे। वहां से जब हम वापस आ रहे थे तो मैंने वहां आपको बधाई दी थी और मुझे खुशी हुई जब मैंने लोटकर यह देखा कि आप हमारे सभापति के आसन पर बैठे हुए हैं। मैं सदन का ज्यादा समय लेना नहीं चाहता मैं अपने सभी साथियों, विदा लेने वाले साथियोंसे एक बात कहना चाहता हूं कि हमने बड़ी बड़ी कुर्बानियां देकर इस देश में प्रजातंत्र स्थापित किया है। अगर इस देश में प्रजातंत्र टूटा तो आने वाली पीढ़ी वर्तमान नेताओं को कोसेगी। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि देश में एक बहुत बड़ा खतरा सामने आ रहा है। प्रजातंत्र पर आघात करने के लिये जातिवाद, धर्मवाद, प्रांतीयतावाद ये जो चीजें हैं यह घात लगाये बैठी हैं। मैं अपने महान नेताओं को जो भी इस सदन में बैठे हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि इस देश में प्रजातंत्र की स्थापना के लिये इस देश के लोगों ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं, इसके लिये उन्होंने फांसी के तख्ते चूमें हैं। हम उन्हें नहीं भुला सकते हैं। पंडित नेहरू, मौलाना आजाद और श्रीमती इंदिरा गांधी इन्होंने कुर्बानियां देकर हमें यह प्रजातंत्र का स्वरूप दिया और जहां हम आज बैठे हैं, कानून बना रहे हैं, ऐसी प्रजातांत्रिक पद्धति की उन्होंने शुरूआत की। इसके माध्यम से आज बड़ी से बड़ी चीजें हम कर रहे हैं। मैं आपसे केवल इतनी विनती करना चाहता हूं, अभी हमारे एक साथी ने कहा कि हमारे देश में प्रजातंत्र खतरे में है, जम्हूरियत खतरे में है। इस खतरे से हमें निपटना होगा इसके लिये चाहे हमें कितनी भी कुर्बानी करनी पड़े। जिस तरह से हमने प्रजातंत्र को कायम रखने के लिये कुर्बानी दी है, आज की और आने वाली पीढ़ी अगर इस प्रजातंत्र और सेकुलरिज्म को कायम रखने के लिये कुर्बानी करेगी तो इतिहास इसको लिखेगा। हिस्ट्री इज ए मर्सीलेस जज, इतिहास से निर्दयी और न्यायकारी कोई नहीं होता। आने वाला इतिहास लिखेगा कि इस देश में प्रजातंत्र को कायम करने के लिये बड़ी कुर्बानियां दी गई। अगर आगे आने वाली पीढी ने भी इस प्रजातंत्र को सुरक्षित रखा तो उनके नाम भी स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा वरना वह इतिहास क्या लिखेगा यह मैं नहीं कह सकता। मैं आप सब का आभारी हूं। विरोधीपक्ष अब सत्ता पक्ष में है, पहले इधर थे, अब उधर हो गये हैं, मैं उनका भी आभारी हूं, इस तरह का आवागमन तो प्रजातंत्र में चलता ही रहेगा लेकिन हम लोगों ने बड़े प्यार से एक दूसरें से मिलकर देश की जनता की भलाई के लिये कानून बनाये हैं और बहुत कुछ काम हमने देश की गरीब जनता के लिये किया है और करने जा रहे हैं। अगर आने वाला जमाना ऐसा नहीं रहा तो इसके बारे में इतिहास कुछ और लिखेगा। प्रधानमंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं। वे मेरे राजनैतिक जीवन को जानते हैं। मैं पिछले 50 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं और जब तक मेरा जीवन है तब तक मैं देश की सेवा में लगा रहूंगा।

मैं आपसे केवल एक बात कह कर जाता हूं और वह याद रखिये कि देश को बहुत बड़ा खतरा आ रहा है, काले बादल मडरा रहे हैं, दुनियां की ताकतें इस मुल्क के अन्दर प्रजातन्त्र और जमहूरियत को खत्म करने की कोशिश कर रही है। यह जो टेररिज्म का तमाशा हमारे मुल्क में चल रहा है यह उसका एक पार्ट है, एक दिशा है फासिज्म की तरफ ले जाने के लिए, उसकी तरफ आप देखें, सख्ती से देखें। ऐसा नहीं हुआ तो क्या होगा यह मैं नहीं कह सकता। सभापति जी, आपने मुझे जो मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। अगर कोई गलती जाने या अनजाने में हो गई हो तो मैं अपने साथियों से क्षमा चाहता

[श्री कैलाशपति मिश्र]

हू । आपसे बहुत कुछ सीखा है जो मैंने यहां सीखा है मैं यह कहता हूं कि हम फील्ड के अन्दर जा कर काम करेंगे । जो गलतियां हुई हैं या अच्छाइयां सीखी हैं वह जनता के बीच में बताई जाएंगी ताकि जनता यह समझ सके कि कौन से लोग हैं जो इस देश की गरीबी मिटाना चाहते हैं, जम्हूरित को कायम करना चाहते हैं और कौन वह लोग हैं जो इसे समापन करना चाहते हैं । धन्यवाद मैं आपके प्रति फिर आभार प्रकट करता हूं ।

श्री मोहन सिंह (उत्तर प्रदेश) : मैं आपका आभारी हूं कि इस विदाई की बेला में मुझे आपने दो शब्द कहने का अवसर प्रदान किया है । मैं आपके माध्यम से इस सदन के सभी माननीय सदस्यों के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूं तथा सेक्रेटरी जनरल और उनके स्टाफ के सदस्यों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे सहयोग प्रदान किया। इस सदन में मुझे कुल आठ महीने रहने का अवसर मिला है और आप सब का स्नेह और आशीर्वाद मुझे मिला है । 9 महीने में एक मानव तैयार होता है परन्तु मुझे 8 महीने में ही यहां से विदा होना पड़ रहा है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : प्रिमेच्योर डिलीवरी।

श्रीमती नजमा हेपतुल्ला (महाराष्ट्र) : 8 महीने इन्हें हुए, 9 महीने भी नही हुए, यह तो ऐसे हैं —

हसरत उन गुंचों पर है जो बिन खिले मुरझा गये हैं ।

श्री मोहन सिंह : मुझे जिस सीट पर मध्यावधि चुनाव में आने का अवसर मिला था उसमें भी कुछ ऐसी ही गड़बड़ियां थी । पहली बार इस सीट पर श्री अरुण सिंह जी आए थे और करीब ढाई साल रह कर उन्होंने इस्तीफा दिया था । दूसरी बार माननीय वीर बहादुर सिंह जी आए थे, बेचारे स्वर्ग सिधार गये और मैं आज विदा ले रहा हं ।

THE PRIME MINISTER (SHRl VISHWANATH PRATAP SINGH): Sir it is not easy to $ay farewell, perhaps because the moment cannot bear the intensity of the years that have gone by. And Sir, I suppose that it is the intensity of experience of such a moment that makss if poignant, that makes its joy and sadness together, and that is why it is not easy to say farewell.

As ttae passes, it is not merely to be honourable Members, but to become human faces with interaction, with sarcasm and smile, with criticism find appreciation. And the interaction is not only here but it most fruitfully extends to the Central Hall. We will miss the presence of those friends who are leaving. But we have been enriched by their thoughts, their experiences their talents. We hope those who slay on in Delhi, we will continue to have their comradeship in the Central Hall. But we will certainly miss those who would not be staying on in Delhi. And this is something which pinches. Some defined death as the total exclusion all opportunities. In that way, to the extent that we will not be able to interact, that opportunity is being lost. We all die in some fashion to some extent when the options of our interacting with our comrades and friends are denied. But I think when some of our friends are leaving, it is not that they will be totally absent from here. Physically they may not be here. Many will be remembered for the brilliant interventions that they have made, the wit and also much of the vigour with which they were made, and when details are lost there is something which will still remain in this House and that is the tradition that they will leave here. That tradition will live on in this House. That will not be l-. st ani by that they will live on in this House. And I think those who are not tired in the House, I think they will rot retire even otherwise in public life I remember one occasion when I was in UP as Chisf Minister. There was a conference of doctors and I was hosting a lunch. I asked the doctors who analysed the diseases which are attached to a certain profession, the question—"Have you ever thought why a politician is never r. eurotic?" Neurosis is one disease which does not

affect a politician. He may give neurosis to others. And the doctors did not have an answer. They were very talented doctors. I said—I will tell you the secret. The secret why we do not hav eneurosis is in our profession we have no minimum qualifications, we have no promotion rules and we have no retirement age. And that is what keeps us healthy. Ihere is always hope....

SHRI N. K. P. SALVE: No rules of promotion.

SHRl VISHWANATH PRATAP SINGH • You can overtake. You are all the time in the game of overtaking. And that is why there is no retire-nent. So the vast P"lic life is open, for the friends who are leaving this august House. And just just a ripened fruit, it is the grace of the ripened fruit to fall from the tud, and there a fresh flower will come. But it should not *be* forgotten that the ripened fruit carries the seed of a plant which can grew in public life, and the shade of the experience giv-es rest to the oppresses and the fruit of your talent gives vigour to the younger generation.

With these words I wish all my friends well. Thank you.

THE LEADER CF THE HOUSE (SHRI M. S. GURUPADASWAMY). Mr. Chairman, Sir farewell always is mixed with sadness and 6HiUe. If I may use the words of Shakespeare, farewells are marked by sweet bitterness. There is sadness and there is also bitterness there is sadness, there is also smile. As Members of Parliament and as Members cf this House, I want to say that their retirement is no retirement. Sir I believe that a politician will never retire. A poM-tician may be in the House orr outside the House, he will never retire. For the last six yt'irs we bavg worked together and our friends who are leaving us can lot retire. They are leaving us for a few days and not for ever and ever. We will meet them— may not be bu-ve but out side. We are fellow-travellers of the same public life of this country where we meet and carry on our datied and responsibiHies. For the last six years I began to think, what is the message, what is the lesson, this Parliament, this House, has conveyed to us? Since there is no time, I woui, -j say bieefly One lesson one message, that this House conveys is that the longer a speech is delivered we lose the attention of the House.

I remember an anledote A Russian actor once visited the American Senate. He was in the Visitors" Gallery. After he came out, a journalist asked him- what did jou see in the Senate? He said, "A member stands up, he speaks he never says anything, he sits down and thp rest disagree. " That should not happen. Sir, the debates have to be meaningful, short and prey's? We should rot substitute dialogue with confrontation. It is. the business of the minority to become the majority. It is the business of the majority to protect the minority. That is the parliamentary system.

Anyway Si^ wr miss those Members who had been with u. 3. Wn shared the same joy, the same thought and the same joy, the same thought and have been our differences, it was a fraternity. This fraternity will continue. Members may come, Members may go but Parliament should go en. for ever.

Sir, i share the feelings expressed, by the hon. Members. I associate myself on behalf of the Goveinment and on behalf of all the parlies on this side and on the other side. I wish them well and convey nothing but my goodwill anj good wishes for those Members who will not be with us in the Chamber in future. May r. od bless them. I wish them an all-smooth and prosperous career even i: i future.

With these wards I once again convey my good wishes to them.

MR. CHAIRMAN: I think with the permission cf the House, we will take up the Private Members' Business. As there is a vory he; ivy agenda my suggestion is, if you all agroe, that we will conclude the Private Members' Business at 3. 30 p. m. and take up the official business after fhat.

SOME HON. MEMBERS: Sir, make it till 4. 00 o'clock.

MR. CHAIRMAN; So, we conclude the private Member*' Business at 4. 00 o'clock.

The Depuiy Chairman in the Chair]

RESOLUTION RE. NEED FOR MEASURES To COMBAT EVILS IN THE PRESENT ELECTORAL SYSTEM —Contd.

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : डिप्टी चैयरमैन साहिबा पिछले दिन जब मेरे प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हुई थी तो मैंने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा था कि हमने अपने मुल्क के निजाम, सियासी निजाम हुकुमत और प्रशासन के तरीके को जमूरियत के रास्ते पर ले चलने का फैसला किया। लोकतंत्र ही हमारी जिंदगी का एक हिस्सा बना। इसके लिए हमने संविधान सभा के अंदर, कांस्ट्रीट्यूएंट एसेम्बली के अंदर काफी बातचीत की और जवाहर लाल जी के उस सपने को, जो भारत की आजादी के बाद भारत को लोकतंत्र के रास्ते पर चलने का था, जवाहर लाल नेहरू, देश के प्रथम प्रधान मंत्री के नेतृत्व में, उनके साथियों और उनके सहयोगियों के परिश्रम से एक ऐसा संविधान बना जिस में हम ने वोट को मौलिक अधिकार बनाया और हर व्यक्ति को चाहे वह किसी भी वर्ण का हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी संप्रदाय, किसी भी धर्म का मानने वाला हो, किसी धर्म किसी अकीज पर चलने वाला हो गरीब या अमीर, लखपति हो, करोड़पति हो, खरबपति हो गरीब हो, दरिद्र हो सब को समान अधिकार दिए और यह भारत के इतिहास में एक बहुत बड़ा लैंडमाक बना।

इसके पीछे जो हमारा विचार था लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली के जरिए इस देश की व्यवस्था को आगे ले चलने का वह भारत की जो हमारी पुरानी सभ्यता हमारी संस्कृति हमारा कल्चर हमारी सकाफत हमारी तहजीब हमारा तमद्दुन, वह जो हजारों साल के वक्त में सांचों में ढल कर भारत बना था उस सब को पर्सेमंजर रखते हुए इस बात का फैसला किया गया —

सर जमीने हिंद पर अक्वामे आलम के चराग,
काफिले आते गये, हिंदोस्तां बनता गया।

कोई विकल्प नहीं था कि आजादी के बाद हम किसी और रास्ते पर चलते सिवाये जम्हूरियत के रास्ते पर लोकतंत्र के रास्ते पर चलने के क्योंकि यही एक ऐसा रास्ता था और आज भी है जो हमारे देश को एक रख सकता है। एक ऐसा देश जिसमें विभिन्न भाषायें हों विभिन्न जाति के लोग रहते हों विभिन्न धर्म के मानने वाले रहते हों उनकी अपनी संस्कृति हों, उनकी अपनी जुबानें हों, उनके अपने रहन-सहन उठने-बैठने का, उनकी जिंदगी के अपने उसूल हों, उन सब अनेकताओं में एकता को बना कर रखने का सिवायें लोकतंत्र के और कोई चारा नहीं था और इसीलिए भारत को शक्ति मिले, लोगों का समर्पण और डेडिकेशन, भारत की उन्नति के बारे में भारत की प्रगति के प्रति भारत की एकता के प्रति भारत के इतिहास के प्रति, जन-जन के अंदर जागृत हुई और देश के किसान, देश के मजदूर, देश के सर्वहारा वर्ग, देश के उद्योगपति, देश के कृषि के क्षेत्र में काम करने वाले साइंटिस्ट और विज्ञानकारों और विभिन्न इंजीनियर्ज सबने मिल कर आजादी के बाद भारत का जब नया इतिहास लिखा, तो वह बड़ा गौरवमय इतिहास बना।

42 साल की प्रगति यदि हम देखें, इसी लोकतंत्र के माध्यम से देखें, लोकतंत्र की प्रणाली के माध्यम से, तो हमारा देश कृषि के मामले में आत्म-निर्भर हुआ, औद्योगिक क्षेत्र में हम दुनिया के मुल्कों में दसवीं श्रेणी पर आकर खड़े हुए हैं।